वर्ष 3 अंक 208
पृष्ठ 16
मुजफ्फरपुर, गुरुवार
29 जनवरी 2015
नगर संस्करण ***
मूल्य ₹ 5.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण



भारत के साथ सामान्य रिश्ते चाहता है पाक 09

सानिया और पेस खिताब से दो कदम दूर 14

www.jagran.com

बिहार • झारखंड • प. बंगाल • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • मध्य प्रदेश • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित

शिक्षकों का 40 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

समस्तीपुर, वि. : मौलाना मज़हरुल हक़ टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, मथुरापुर, समस्तीपुर के छात्र अध्यापकों का 40 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह मंगलवार को स्थानीय श्रीसुन्दर उच्च विद्यालय, मुक्तापुर, में आयोजित किया गया द्व इस अवसर पर ट्रेनिंग कॉलेज के सचिव मो0 अबू तमीम ने बच्चों को इन प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान में 40 दिवसीय प्रोग्राम के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया तथा उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें नसीहत दी की जब आप प्रशिक्षण प्राप्त कर विधिवत शिक्षक की भूमिका में आए तो इस पवित्र कार्य को पूरी लगन एवं ईमानदारी से अंजाम देने का काम करेंगे द्व साथ ही श्रीसुन्दर उच्च विद्यालय, मुक्तापुर के प्राचार्य भुपनेश्वर राम ने भी अपने उदगार में प्रशिक्षुओं को भविष्य में एक कुशल शिक्षक बनने की कामना की। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जो बहुत ही सराहनीय रहा। मौके पर ट्रेनिंग कॉलेज के निदेशक मो. अबू सईद, प्राचार्य डॉ. संजय कुमार, किश्वर जहां डॉ. अशोक कुमार अकेला, डॉ. मधुश्री, कामिनी जायसवाल, रंजन कुमार, अवधेश कुमार राय, पल्लवं कुमार पारस, राम शंकर राय, आदि उपस्थित थे।

सम्मानित करते संस्था के सचिव